# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 18.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड हाईकोर्ट के कोयला चोरी मामले में पुलिस संलिप्तता की सीबीआई जांच के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 20 दिसंबर को होगी सुनवाई।**
2. **राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी अगले वर्श से केवल शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित करेगी परीक्षा, भर्ती परीक्षा नहीं।**
3. **राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार ने रांची के एनआईएएमटी में अन्तर्राश्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा–फाउंड्री और फार्मिंग तकनीक औद्योगिक विकास की रीढ़।**
4. **जामताड़ा में प्रशासन ने रामेश्वरम राइस मिल को किया सील, पीडीएस चावल में अनियमितता का आरोप।**
5. **भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे बॉलर रवि चंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया सन्यास।**

*****************

केंद्र सरकार एक देश एक चुनाव विधेयक व्यापक विचार विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति को भेजने पर सहमत हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुझाव दिया था कि विधेयक संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जाना चाहिए ताकि इस पर प्रत्येक स्तर पर विस्तृत विचार विमर्श हो सके। श्री शाह का यह बयान कल लोकसभा में विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा एक सौ 29वां संविधान संशोधन विधेयक और केंद्रशासित प्रदेश विधि संशोधन विधेयक पेश किये जाने पर शोर–शराबे के बीच आया। लोकसभा में ये विधेयक पेश किये जाने के तुरंत बाद विपक्षी दलों ने इस पर आपत्ति व्यक्त की। श्री मेघवाल ने इस आपत्ति को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि सरकार इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेजने को तैयार है।

*****************

धनबाद में कोयला चोरी और इसमें पुलिस संलिप्तता की सीबीआई जांच के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर अब सुप्रीम कोर्ट में 20 दिसंबर को सुनवाई होगी। फिलहाल शीर्ष अदालत ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें धनबाद में कोयला चोरी और इसमें पुलिस संलिप्तता की सीबीआई जांच का आदेश झारखंड हाईकोर्ट ने दिया था।

*****************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी अगले वर्ष से केवल शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित करेगी, भर्ती परीक्षाएं नहीं। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि त्रुटिमुक्त परीक्षा संचालित करने और जवाबदेही तय करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय विचार विमर्श कर रहे हैं कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा – नीट यूजी ऑनलाइन मोड में ली जाए या ऑफ लाइन। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सीयूईटी – यूजी वर्ष में एक बार ही आयोजित होगी। उन्होंने सुचारू और निष्पक्ष परीक्षा संचालित करने और एनटीए को मजबूत बनाने के उद्देश्य से गठित इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशें साझा की।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस मैन्यूफेक्चरिंग टेक्नोलॉजी– एनआईएएमटी में एडवांस इन फाउंड्री एंड फॉर्मिंग विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उदघाटन किया। इस मौके पर श्री गंगवार ने कहा कि फाउंड्री और फॉर्मिंग तकनीक औद्योगिक विकास की रीढ़ है, जो निर्माण, ऑटोमोबाइल, एयरोस्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत के दृष्टिकोण और लक्ष्य को साकार करने में सहायक सिद्ध होंगे।

****************

जामताड़ा जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने बेना स्थित रामेश्वरम राइस मिल को सील कर दिया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजशेखर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मिल में पीडीएस दुकानों का चावल और रिपब्लिक आफ बांग्लादेश प्रिंट बोरे सहित अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये। उन्होंने कहा कि मिल मालिक द्वारा पीडीएस दुकानों से चावल की खरीद की जा रही थी।

****************

कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने जानकारी दी है कि बहुत जल्द राज्य में प्रखंड स्तर पर पशु बाजार की शुरुआत होगी। इसका उद्देश्य वाजिब दर पर अच्छे नस्ल के गाय या दूसरे पशु किसानों को उपलब्ध कराना होगा। इसे लेकर विभाग योजना से संबंधित कैलेंडर भी जारी होगी और पशु बाजार में खरीद बिक्री को पारदर्शी बनाने के लिए रेट चार्ट भी जारी किया जायेगा।

****************

सरायकेला–खरसावां जिले में अफीम की अवैध खेती को रोकने के लिए विभिन्न थाना क्षेत्रों में जिला पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****************

राज्य में शीतलहरी और तेज हवाओं की वजह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है और कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 18 और 19 दिसंबर को मौसम शुष्क रहेगा।

****************

भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन ने गाबा टेस्ट खत्म होते ही रिटायरमेंट का ऐलान किया। आर अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 106 मैचों में 537 विकेट हासिल किए हैं। अश्विन ने बतौर बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में 3503 रन बनाए हैं और उन्होंने कुल 6 टेस्ट शतक लगाए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम कुल 8 शतक हैं।

****************

जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में पीजीटीआई गोल्फ पुटिंग प्रतियोगिता हुई जिसमें गगनजीत भुल्लर विजयी हुए। वहीं शौर्य भट्टाचार्य द्वितीय स्थान पर रहे और वहीं उदयन को तीसरा स्थान मिला। तीनों विजेताओं को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं पीजीटीआई के प्रेसिडेंट कपिल देव, डेजी ईरानी, टाटा स्टील के वरीय पदाधिकारी सुंदर राम ने चेक प्रदान किये।

********समाप्त********